"Public order" which is a State subject, according to Schedule VII of the Constitution of India. Substantive action under the law in such cases has to be taken by the State/UT Governments concerned. However, the Centre keeps in close touch with the State Governments and offers suggestions to them from time to time to expedite measures aimed at removing the basic factors responsible for such incidents and for strengthening the administrative machinery to ensure prompt and effective action in such cases and to provide protection to and instil a sense of security among the weaker sections.

According to the information furnished by the State Governments till dated, the following are number of cases of crimes against members of Scheduled Castes reported in the States of Bihar, Maharashtra and Andhra Pradesh during 1976 and 1977:

| State | 1976 | 1977 | |
|---|---|---|---|
| Bihar | 621 | 421 | (Upto October) |
| Maharashtra | 211 | 367 | (Upto September) |
| Andhra Pradesh | 34 | 70 | (Upto September) |

**मध्य प्रदेश के गांव में सड़कों का विकास**

358. **श्री अघन सिंह ठाकुर** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्र बस्तर जिले में 90 प्रतिशत गांवों के विकास के लिए पहुंच सड़कों की बहुत आवश्यकता है ; और

(ख) क्या केन्द्र सरकार राज्य सरकार की सहायता से वहां पहुंच सड़क बनाने के लिए कोई योजना बनायेगी ?

**नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांद राम)** : (क) और (ख). गांवों का विकास और उनमें पहुंच-सड़कों का निर्माण राज्य का विषय है। इसलिए, यह मध्य प्रदेश सरकार का काम है कि वह आवश्यकता का मूल्यांकन करे और संबंधित पहुंच-सड़कों के निर्माण के लिए एक कार्यक्रम की योजना बनाए। परन्तु इस मामले में उनसे कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

1977–78 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में योजक सड़क बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार को 170 लाख रु० की राशि दी गयी। इसके अलावा, योजना आयोग ने भी 1977–78 में जनजाति उप-योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश में सम्पूर्ण जनजाति उप-योजना के लिए 'परिवहन और संचार' के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता के लिए राज्य की योजना और प्रावधान में से उन्हें 440 लाख रु० दिए।

**बस्तर जिले में टेलीविजन केन्द्र**

359. **श्री अघन सिंह ठाकुर** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के किन-किन स्थानों पर टेलीविजन केन्द्र हैं ;

(ख) क्या सरकार का विचार लोगों को शिक्षित करने के लिए बस्तर जिले में एक टेलीविजन केन्द्र स्थापित करने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) 'साइट' उत्तरवर्ती योजना के अन्तर्गत एक टेलीविजन ट्रांसमिटिंग केन्द्र रायपुर में काम कर रहा है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) टेलीविजन के विकास में भारी परिव्यय निहित है। इसलिए इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध की गई धनराशि इस तरीके से इस्तेमाल की जाती है कि तकनीकी संभाव्यता के अधीन यथा संभव अधिक से अधिक क्षेत्र में टेलीविजन सेवा उपलब्ध की जा सके। संसाधनों की कमी के कारण बस्तर जिले में टेलीविजन केन्द्र स्थापित करना संभव नहीं है।

### बस्तर जिला, मध्य प्रदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण

360. श्री अघन सिंह ठाकुर : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के बस्तर जिले के 85 प्रतिशत गांवों में बिजली नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो इन गांवों में बिजली की व्यवस्था करने के लिए सरकार की क्या योजनाएं हैं ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में 3,382 गांव हैं जनवरी, 1978 तक 216 गांव (6.5%) विद्युतीकृत किए गए थे।

(ख) राज्य बिजली बोर्ड ने सूचित किया है कि मार्च, 1978 तक वे 12 और गांवों का विद्युतीकरण कर देने की आशा रखते हैं। वर्ष 1978-79 के लिए उनका अस्थायी लक्ष्य 75 और गांवों का विद्युतीकरण करने का है।

### Law and Order in Delhi

361. SHRI DURGA CHAND: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the present law and order situation in the capital;

(b) the number of thefts, robberies and dacoities committed during the last 2 months, month-wise;

(c) whether there is regular police petrolling in the capital; and

(d) if so, what further steps Government are contemplating to improve law and order situation in the capital?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) and (b). The law and order situation is constantly under review.

The number of thefts robberies and dacoities during the last two months are as under:

| | December 1977 | January 1978 |
|---|---|---|
| Thefts | 2371 | 2403 |
| Robberies | 45 | |
| Dacoities | 3 | 13 |

(c) Yes, Sir,.

(d) The following steps are being taken to keep the law and order and crime situation under control:—

(i) Intensive mobile and foot patrolling both during day and night, is being organised.

(ii) police pickets are frequently posted at vulnerable points in the city intercepting criminals and maintaining peace.